# कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह



आविर्भाव
22 जून, 1924 ई.

लोकान्तरण
5 जुलाई, 2003 ई.

# कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह (लल्लन साहब)
# (उप-सभापति, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश)
# एक परिचय

लल्लन साहब का जन्म 22 जून, 1924 को हुआ। आप मनकापुराधीश स्व. राजा रघुराज सिंह के सुपुत्र तथा स्व. राजा
राघवेन्द्र प्रताप सिंह के अनुज हैं। कक्षा 4 से ले कर इंटर तक की शिक्षा आपने काल्विन तालुकदार्स कालेज लखनऊ में प्राप्त
की। सन् 1944 में वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय से शास्त्री तथा सन् 1946 में लखनऊ विश्वविद्यालय से बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण
की। संस्कृत तथा हिन्दी में आपका विशेष अनुराग है। लखनऊ विश्वविद्यालय की 'ज्ञानवर्द्धिनी सभा' के आप मंत्री रहे तथा
साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सदैव आगे रहे। हिन्दी साहित्य सम्मेलन के आप सम्मानित सदस्य रहे। साहित्य के
अतिरिक्त संगीत में भी आपकी विशेष अभिरुचि थी। लखनऊ के भातखंडे संगीत विद्यालय से आपने तीन वर्षीय कोर्स की शिक्षा
भी प्राप्त की थी।

साहित्यिक लेखों के लिखने के साथ ही आपको पत्रकारिता से भी लगाव था। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड गोंडा से प्रकाशित होने वाले
'पंचायत' पत्र में आप लेख तथा स्तम्भ लिखते रहे। कई वर्षों तक 'पायोनियर' लखनऊ के विशेष संवाददाता भी रहे।

आपकी राजनीतिक गतिविधियों का आरम्भ विश्वविद्यालय के छात्र जीवन में ही हो गया था। सन् 1944 से 46 तक आप
लखनऊ स्टूडेन्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष रहे। सन् 1942 के पश्चात् देश की स्वाधीनता के लिए युवा वर्ग 'करो अथवा मरो' की स्थिति
ग्रहण कर चुका था। उस समय आपने छात्र आन्दोलन का नेतृत्व किया। आप यू.पी. यूथ काँग्रेस के उपमन्त्री भी रहे।

सन् 1946 में आप आल इण्डिया काँग्रेस कमेटी के सदस्य चुने गये। उस समय के सभी सदस्यों में आप सबसे कम अवस्था
के थे। काँग्रेस अध्यक्ष श्री सीतारमैया ने देश के होनहार नवयुवक के रूप में आपको बधाई दी। सन् 1949 में नवाबगंज लेबर
यूनियन के आप आठ वर्षों तक अध्यक्ष रहे। फारवर्ड ब्लाक उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी के रूप में आपने पूरे प्रदेश में संगठन
का कार्य किया।

सन् 1960 में फैजाबाद लखनऊ कमिश्नरी से स्थानीय निकाय क्षेत्र से आप विधान परिषद् के सदस्य चुने गये। सन् 1942
में आप सभा सचिव चुन लिये गये और 1966 तक इस पद पर रह कर अपनी योग्यता का परिचय दिया। इसी पद पर रहते हुए
आपने अपने प्रभाव तथा प्रयास से गोंडा नगर में डिग्री कालेज खुलवाने में सफलता प्राप्त की। सन् 1966 में आप विधायक निर्वाचन
क्षेत्र से पुनः विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए। सन् 1969 में आप विधान परिषद् के सदस्य चुने गये तथा परिषद् के पुनः
उपसभापति होने का गौरव प्राप्त किया। तब से अब तक इस पद का दायित्व बड़ी सुयोग्यता से सम्पादन कर रहे हैं।

लल्लन साहब को साहित्य, संगीत तथा राजनीति के साथ ही शिकार का भी काफी शौक है। आपकी वक्तृता शैली बड़ी प्रभावी
तथा चित्ताकर्षक है।

लल्लन साहब के तीन पुत्रों में से ज्येष्ठ डॉ. विनय कुमार सिंह जी एम.बी.बी.एस. तथा (Lungs and Chests) रोगों के विशेषज्ञ
होने के साथ चित्रकला में बड़े प्रवीण हैं। ऐतिहासिक पुस्तकों का स्वाध्याय, चित्रकला तथा शिकार उनकी हाबी है। मझले पुत्र
श्री अनिल कुमार सिंह बी-टेक करके एरोनाटिक्स आजकल बम्बई में गेस्टकीन एंड विलियन में सिस्टम एक्जीक्यूटिव के पद पर
हैं। तीसरे पुत्र श्री अतुल कुमार सिंह लखनऊ के 'ला' फाइनल के छात्र तथा उदीयमान कवि हैं।

(... 1974 में प्रकाशित, 'गोण्डा : अतीत तथा वर्तमान' नामक ग्रंथ से साभार)

# Lucknow University Alumni
# Who is Who 1964

## SINGH, DEVENDRA PRATAP

b. June 22, 1942 (Mankapur-Gonda, U.P.); B.A.-46 (L.U.); Publs; articles in the Pioneer & times of India; Correspondent, Times of India at Gonda; sp. Politics; Member, Y.P. Legislative Council for three terms-62-78; Parliamentry Secretary; Minister for Community Development; Dy. Chairman. U.P. Legislative Coucil for 9 years; present occupation-agriculture; add : Mangal Bhawan, Mankapur. Distt. Gonda (U.P.); Tel (Res.) 2033. Ref. SI-20/-11

# A Profile of
## *Kunwar Devendra Pratap Singh (Lallan Saheb)*

| | | |
|---|---|---|
| ***Son of*** | : | Late Raja Raghuraj Singh of Mankapur |
| ***Date of Birth*** | : | June 22, 1924 |
| ***Education*** | : | B.A. (Lucknow University) |
| ***Public LIfe*** | • | President, Lucknow University Students Federation, 1944-45 |
| | • | M.L.C. from 1960 to 1978 |
| | • | Parliamentary Secretary in the Ministries of Sri C.B. Gupta and Smt. Sucheta Kripalani |
| | • | Dy. Chairman, UP Legislative Council from 1969 to 1978 |
| | • | Member AICC from 1948 to 1989 |
| **Association with Educational Institutions** | • | Founder President, D.P. Inter College, Mankapur |
| | • | Member, Managing Body of Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda |
| ***Other Interests*** | : | Journalism—had been the District Correspondent for 'The Pioneer' and 'The Times of India' for many years. |
| ***Countries Visited*** | : | United Kingdom<br>France<br>Belgium<br>Switzerland<br>United Arab Emirates<br>Nepal |



कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह
ए.पी. इण्टर कालेज मनकापुर में आयोजित कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि



'काकोरी दिवस' पर जेल में धरना देते हुए

*कुर्सी पर बैठे हुए बायें से दूसरे*—कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह





अखिल भारतीय काँग्रेस समिति अधिवेशन बैंगलौर, 1950

*बायें से* : हैप्पी स्वामी, कुंवर देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री लाल बहादुर शास्त्री



कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह
लन्दन में



कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह को पार्लियामेण्ट्री सेक्रेटरी के पद की शपथ दिलाते हुए श्री चन्द्रभानु गुप्त, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



श्रीमती सुचेता कृपलानी, मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश) को भगवानपुर बन्धे के निर्माण हेतु
सहयोग राशि अर्पित करते हुए कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह



महारानी लाल कुँवरि महाविद्यालय बलरामपुर में
*बायें से* : पुलिस अधीक्षक गोण्डा, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, श्रीमती कृपलानी मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश,
श्री राजेन्द्र नाथ जिलाधिकारी तथा कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह



अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी बंगलौर अधिवेशन 1950
बायें से दूसरे : कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह, उनके दायें क्रमशः श्री लाल बहादुर शास्त्री, पं. कमलापति त्रिपाठी, श्री मुनीश्वर दत्त उपाध्याय



गणतंत्र दिवस वर्ष 1964 ई. पुलिस लाइन्स गोण्डा
मुख्य अतिथि कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह पार्लियामेण्ट्री सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश शासन साथ में
श्री एम.सी. शर्मा पुलिस अधीक्षक




नैनीताल में आयोजित विचार गोष्ठी (8 से 10 सितंबर, 1989) में
*प्रथम पंक्ति कुर्सियों पर बैठे* : कुँवर देवेन्द्र प्रताप सिंह (*हाथ में पुस्तक लिए*)
बायें से छठवें उनकी दाहिनी ओर क्रमशः श्री हरिनन्दन शरण भटनागर (सचिव हिमाचल प्रदेश) तथा
श्री जगदीश चन्द्र दीक्षित सभापति विधान परिषद